>

Title: Need to set up a Steel plant by Steel Authority of India Limited in Keonjhar, Orissa.

श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर): मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं उड़ीसा राज्य के क्योंझर जिले से हूं। जिस जिले में आइरन ओर, मैंगनीज ओर, क्रोमाइट जैसी विभिन्न खनिज धातु उपलब्ध हैं और भारत की अर्थव्यवस्था में इस्पात उद्योग की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। समग्र देश का जो इस्पात उद्योग है, उसके लिए जो कच्चे माल की आवश्यकता होती है, उसमें से एक बड़े हिस्से की आपूर्ति उसी क्योंझर जिले से होती है। अभी स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, भारत सरकार का जो प्रपोजल है, उसमें इस्पात उद्योग में बढ़ोतरी लाने के लिए वर्ष 2020 तक उसके उत्पादन को दुगुना करने के लिए जो प्रस्ताव रखा गया है, उड़ीसा के क्योंझर जिला में अगर इस्पात उद्योग लगाया जाए तो यह स्टील विभाग के लिए लाभदायक होगा क्योंकि आपूर्ति के लिए जो व्यय होता है, उसमें कमी आ सकती है और उड़ीसा की 5 करोड़ जनता की भावना को सम्मान दिया जा सकता है।